भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

Azadi Ka Amrit Mahotsav

G20 भारत 2023 INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 11.08.2023

आरेडिका के इको–कम जॉगर्स पार्क में हुआ वृहद वृक्षारोपण।

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में दिनांक 11.08.2023 को पर्यावरण संरक्षण एवं कार्वन उत्सर्जन को कम करने के लिए ईको कम जॉगर्स पार्क में वृक्षारोपण अभियान के तहत महाप्रबंधक श्री पी के मिश्रा ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ जामुन, करेंज, अमलतास के 2000 वृक्षों का रोपण किया।

यह वृक्षारोपण कार्यक्रम मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री एसके कटियार एवं मुख्य अभियंता श्री सत्य प्रकाश यादव के मार्गदर्शन में किया गया। श्री कटियार ने बताया कि महाप्रबंधक महोदय ने ईको पार्क में 20000 पौधे लगाने का लक्ष्य दिया है प्रोजेक्ट, सिविल कॉस्ट्रक्शन तथा स्पोर्ट विभाग के कर्मचारियों द्वारा पौधे लगाए जाने का कार्य किया जा रहा है।

इसी कड़ी में आगे महाप्रबंधक महोदय ने बड़े–बड़े शहरों के बारे में बताया कि आज उन शहरों की हवा में इतना धुआँ घुल गया है कि हवा श्वास लेने लायक नहीं है इन शहरों की वायु गुणवत्ता खराब होने का कारण वनों का अभाव और जनसंख्या का बढ़ता दबाव है। इस बढ़ी हुई जनसंख्या के लिए आवासीय एवं अन्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चत करने के लिए कंकरीट की अवसंरचनाएँ खड़ी की जा रही हैं।

इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता श्री एस एस कलसी, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री राजीव खण्डेलवाल प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता श्री हरीश चंद्र, प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्री एम के शकरवाल, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त श्री रमेश चंद्र सहित उच्च अधिकारीगण एवं कर्मचारियों ने वृक्षारोपण में सहभागिता की।

11.8.2023

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी